आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 01.06.2024

मुख्य समाचारः—

1— प्रदेश में घरेलू बिजली की दरों में बीस पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि—विघुत नियामक आयोग ने की घोषणा।

2— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों के लिए आईआईएम रायपुर में आयोजित चिंतन शिविर छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में कारगर साबित होगा।

3— जगदलपुर से रायपुर आ रही बस में लगी आग—सभी यात्री सुरक्षित।

4— मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के इक्कीस जिलों में ग्रीष्म लहर चलने का अलर्ट जारी किया।

बिजली दर—बढ़ोतरी

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने घरेलू बिजली की दरों में बीस पैसे प्रति यूनिट की दर से वृद्धि करने की घोषणा की है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के चेयरमेन हेमंत वर्मा ने आज रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि बीते वर्षों में बिजली कंपनी को चार हजार चार सौ करोड़ रूपए का घाटा हुआ है, जिसकी भरपाई के लिए राज्य सरकार ने बिजली कंपनी को एक हजार करोड़ रूपए का अनुदान दिया है। इसे देखते हुए आयोग ने बिजली की दरों में आठ दशमलव तीन—पांच प्रतिशत की वृद्धि करने की अनुशंसा की है।

मंत्री—चिंतन शिविर

रायपुर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान—आईआईएम में राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों के लिए आयोजित किया जा रहा चिंतन शिविर आज संपन्न हो गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह शिविर छत्तीसगढ़ के लिए कारगर साबित होगा।

इससे पहले, शिविर के दूसरे दिन आज नीति आयोग के पूर्व सीईओ और जी—ट्वेंटी के शेरपा अमिताभ श्रीकांत ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास की प्रचुर संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ देश के सबसे खनिज समृद्ध राज्यों में से एक हैं। श्रीकांत ने कहा कि यदि छत्तीगसढ़ में मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर को बढ़ावा दिया जाय तो बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होगा।

दो दिवसीय इस शिविर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित राज्य मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान देश के जाने—माने प्रबंधन विशेषज्ञों ने अपने विचार रखें और मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ परिचर्चा की। शिविर के दौरान विकसित छत्तीसगढ़ का रोड मैप तैयार करने पर मंथन हुआ।

जल संरक्षण

धमतरी जिले में इन दिनों जल जगार उत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को कम से कम पानी का उपयोग करने, वर्षा जल संचयन कराने के लिए रूफ्टॉप स्ट्रक्चर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कुरूद विकासखंड के ग्राम रामपुर में मनरेगा मजदूरों ने रैली निकालकर लोगों को एक—एक बूंद पानी के महत्व को बताया। इसी तरह, ग्राम भूसरेंगा में भी मनरेगा मजदूरों ने पानी बचाने की शपथ ली।

पर्यावरण दिवस—कार्यक्रम

भारतीय सेना का छत्तीसगढ़ और ओड़िशा सब एरिया कार्यालय, जिला और यातायात पुलिस तथा नगर निगम रायपुर के साथ मिलकर कल दो जून को सेंध झील नवा रायपुर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाएगा। इस कार्यक्रम में पर्यावरण के बारे में जागरूकता लाने के लिए छात्र—छात्राओं, सेवारत् सैनिकों और आम लोग भागीदारी करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत वॉकेथान, स्वच्छता अभियान और संगीत समारोह आयोजित किया जाएगा। साथ ही पर्यावरण के क्षेत्र में काम रहे लोग अपने अनुभव साझा करेंगे।

खैरागढ़ विवि–निलंबन

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के सहायक कुलसचिव और दो सहायक प्राध्यापकों को निलंबित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह कार्रवाई कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं देने के कारण की है। विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार हुआ है कि एक साथ अधिकारी संवर्ग के तीन लोगों को निलंबित किया गया है।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय में नियुक्तियों को लेकर राजभवन से मिले पत्र के आधार पर सहायक कुलसचिव और दो सहायक प्राध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समय में जवाब नहीं देने के कारण विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह कार्रवाई की है।

हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''कोंडागांव'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

केन्द्रीय विद्यालय–कार्यशाला

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के रायपुर संभाग द्वारा अरविंदो सोसायटी नई दिल्ली के साथ मिलकर आज दुर्ग में केन्द्रीय विद्यालयों के प्राचार्यों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत योग्यता आधारित शिक्षा और मूल्यांकन के बारे में प्राचार्यों को प्रशिक्षित करना था। कार्यशाला का शुभारंभ केन्द्रीय विद्यालय संगठन रायपुर रेंज के आयुक्त विनोद कुमार ने किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त रविन्द्र कुमार भी उपस्थित थे। इस कार्यशाला में सैंतीस विद्यालयों के प्राचार्य शामिल हुए।

बस–आगजनी

जगदलपुर से राजधानी रायपुर आ रही एक यात्री बस में आग लगने से एक महिला घायल हो गई है। इस बस में करीब पैंतीस यात्री सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित है।

मिली जानकारी के अनुसार जगदलपुर से बस राजधानी रायपुर के लिए निकली थी। इस दौरान अभनपुर के पास अचानक चलती बस में आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई और यात्रियों के बीच अफरा–तफरी मच गई। आग लगने के बाद चालक–परिचालक समेत यात्रियों ने बस से कूदकर अपनी जान बचाई। यह बस पूरी तरह जल गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

उधर, बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के सुहेला स्थित विद्युत सब स्टेशन में दो सौ बीस केबी लाइन में शॉर्टसर्किट की वजह से आग लग गई। कर्मचारियों की सूझबूझ और तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया।

मौसम

प्रदेश में प्रचंड गर्मी का दौर जारी है। नवतपा के साथ ही हर दिन तापमान बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच, मौसम विभाग ने राज्य के रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव सहित इक्कीस जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में औसत तापमान छियालीस दशमलव आठ डिग्री दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग के मुताबिक जिन जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है, उनमें सरगुजा, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, मुंगेली, जांजगीर–चांपा, सक्ती, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी, राजनांदगांव, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई, रायपुर, बलौदाबाजार–भाटापारा, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा और कबीरधाम शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम उत्तरप्रदेश से पश्चिम असम तक एक द्रोणिका बनी हुई है। इसके असर से आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा और गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। आज गरियाबंद जिले के पाडुंका क्षेत्र में बारिश हुई।

इस बीच, जांजगीर–चांपा जिले में लू से चार लोगों की मौत हो गई है।
कल चांपा में एक ड्राईवर और हेल्पर की लू से मौत हो गई। मृतक ड्राईवर अमरीक सिंह दुर्ग के खुर्सीपार और हेल्पर शंभू कोरवा झारखंड के धुरकी का रहने वाला था। वहीं, जांजगीर के रेलवे स्टेशन के पास एक बुजुर्ग और शिवरीनारायण में एक अन्य ड्राईवर जगपाल सिंह की लू से मौत हुई थी।

उधर, कांकेर जिले में विशाखापट्टनम से डामर लेकर चरामा पहुंचे एक ट्रक चालक की लू से मौत हो गई। कल दोपहर ट्रक चालक की अचानक तबीयत खराब हुई, उसे चरामा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान देर शाम उसकी मौत हो गई।

रेमल चक्रवात

चक्रवात रेमल के प्रभाव के कारण पश्चिम बंगाल समेत कई पूर्वी राज्यों में भारी बारिश और भूस्खलन में करीब अड़तीस लोगों की मौत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चक्रवात रेमल के कारण अपनी जान गंवाने वाले और घायलों के परिवारों को आर्थिक मदद का ऐलान किया है।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चक्रवात रेमल के प्रभाव के कारण भारी बारिश और भूस्खलन से लोगों के निधन पर संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

आरएसएस–संघ शिक्षा वर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत का पन्द्रह दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग का प्रशिक्षण इन दिनों राजधानी रायपुर में चल रहा है। इस प्रशिक्षण का समापन कल दो जून को होगा। छत्रपति शिवाजी आउटडोर स्टेडियम बूढ़ापारा, रायपुर में आयोजित समापन समारोह में पद्मश्री जागेश्वर बिरहोर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, कार्यक्रम में मध्य क्षेत्र के संघ चालक डॉक्टर पुर्णेन्दु सक्सेना मुख्य वक्ता होंगे।

संक्षिप्त समाचार

– तेल विपणन कंपनियों ने व्यावसायिक एल.पी.जी. सिलेंडर की कीमतों में उनहत्तर रुपये पचास पैसे की कटौती की है। इसके अलावा विमान ईंधन की कीमतों में भी साढ़े छह प्रतिशत की कमी की गई है।

– केन्द्रीय जेल रायपुर में विचाराधीन और सजायाफ्ता कैदियों को कौशल विकास और स्व–रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीसीटीवी, फायर अलार्म और स्मोक डिटेक्टर इंस्टॉल करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

– विश्व दुग्ध दिवस के मौके पर आज मुंगेली जिले के सोंढार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने पशुपालकों को सम्मानित किया। वहीं, आंगनबाड़ी के बच्चों को दूध पिलाया गया।